नगर निगम फरीदाबाद चुनाव :

बीसी-बी वर्ग के पुरुष व महिला वर्ग के साथ सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए वार्ड हुए आरक्षित

फरीदाबाद, नगर निगम फरीदाबाद के चुनाब के मद्देनजर रविवार को लघु सचिवालय सभागार में ड्रा ऑफ लॉट के माध्यम से बीसी-बी वर्ग के पुरुष व महिला के साथ ही सामान्य वर्ग की महिला के लिए वार्डों का आरक्षण किया गया। ऐसे में अब नगर निगम फरीदाबाद के सभी 46 वार्डों में से निर्धारित नियमानुसार वार्ड आरक्षित कर दिए गए हैं। एडीसी साहिल गुप्ता द्वारा विधायक बड़खल धनेश अदलखा व सम्बंधित अधिकारियों की मौजूदगी में पारदर्शिता के साथ छोटे बच्चे से पर्चियां निकलवाकर वार्डों को निर्धारित नियमानुसार आरक्षित किया गया।

एडीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि ड्रा ऑफ लॉट प्रक्रिया में पिछड़ा वर्ग-बी के लिए पुरूष वर्ग हेतु वार्ड 42 को व वार्ड नम्बर 7 को पिछड़ा वर्ग बी की महिला के लिए आरक्षित किया गया। इसी प्रकार ड्रा प्रक्रिया से सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए वार्ड संख्या 4, 5, 8, 9, 11, 17, 25, 27, 31, 38, 39 व 43 को आरक्षित किया गया। एडीसी ने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारियों व निवर्तमान पार्षदों की उपस्थिति में पूर्ण ड्रा प्रक्रिया को पूरा किया गया है और वीडियोग्राफी करवाते हुए रिकॉर्ड में भी लिया गया है।

यह रहेगा नगर निगम फरीदाबाद के 46 वार्डों का प्रारूप

वार्ड नंबर 01 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 02 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 03 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 04 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 05 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 06 पिछड़ा वर्ग %क% की महिला से संबंधित सदस्य, वार्ड नंबर 07 पिछड़ा वर्ग %बी% की महिला से संबंधित सदस्य , वार्ड नंबर 08 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 09 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 10 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 11 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 12 अनुसूचित जाति से संबंधित सदस्य, वार्ड नंबर 13 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 14 अनुसूचित जाति से संबंधित सदस्य, वार्ड नंबर 15 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 16 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 17 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 18 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 19 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 20 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 21 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 22 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 23 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 24 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 25 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 26 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 27 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 28 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 29 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 30 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 31 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 32 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 33 अनुसूचित जाति से सम्बंधित (महिला) सदस्य, वार्ड नंबर 34 अनुसूचित जाति से सम्बंधित सदस्य, वार्ड नंबर 35 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 36 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 37 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 38 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 39 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 40 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 41 सामान्य वर्ग,वार्ड नंबर 42 पिछड़ा वर्ग बी ,वार्ड नंबर 43 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 44 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 45 अनुसूचित जाति से सम्बंधित (महिला) सदस्य और वार्ड नंबर 46 पिछड़ा वर्ग क से संबंधित सदस्य।

एवीटी हथीन पुलिस की अवैध हथियार धारकों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई,2 विभिन्न मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार-एसपी चंद्र मोहन

पलवल.22 दिसंबर। सुनील कुमार जांगड़ा. एवीटी हथीन प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक पलवल चंद्र मोहन के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत उनकी टीम में तैनात एसआई जमशेद ने थाना हथीन क्षेत्र अंतर्गत हथीन मन्डकोला रोड पर घरोंट गाँव के बनी वाले मन्दिर के सामने खड़े आरोपी मनोज उर्फ कृष्ण पुत्र चन्द्र पाल निवासी घरोंट, पलवल को एक कारतूस से लोडेड देशी कट्टा अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

इसी प्रकार दूसरे मामले में एएसआई वीरेंद्र सिंह ने मिली विश्वसनीय सूत्रों से सूचना के आधार पर थाना हथीन क्षेत्र अंतर्गत घरोंट से गांव पुठली कि तरफ पैदल पैदल जा रहे गांव घरोंट निवासी नितेश उर्फ नीता को गांव से एक देशी कट्टा एवं एक कारतूस अवैध हथियार सहित काबू किया।

उपरोक्त मामलों में बरामद हथियार बारे आरोपी अपना लाईसैंस/परमिट पेश नहीं कर सके। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थाना हथीन में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। आरोपियों से बरामद अवैध हथियार के स्त्रोत बारे गहनता से पूछताछ जारी है।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूची में नए नाम दर्ज करने के लिए आवेदन 10 जनवरी 2025 तक प्राप्त किए जाएंगे- डीसी

फरीदाबाद, 22 दिसंबर। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के वार्ड नंबर-40 के सदस्य के लिए चुनाव 19 जनवरी 2025 को होना है। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूची में नए नाम दर्ज करने के लिए आवेदन उपायुक्त या उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा 10 जनवरी 2025 तक प्राप्त किए जाएंगे।

एचएसजीएमसी चुनाव रिटर्निंग अधिकारी गौरी मिड्ढा ने जानकारी देते हुए कहा है कि नामांकन आमंत्रित करने के लिए अधिसूचना का प्रकाशन बुधवार, 18 दिसंबर को किया जा चुका है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत 28 दिसंबर 2024 तक नामांकन भरे जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच लघु सचिवालय, सेक्टर-12, फरीदाबाद के कमरा नम्बर 108, प्रथम तल (उपायुक्त का न्यायालय कक्ष) 30 दिसंबर 2024 (सोमवार) को प्रातः 11ः00 बजे की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी के आदेश में पुनरीक्षण के लिए उपायुक्त को आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 (मंगलवार) है। पुनरीक्षण आवेदन पर दिनांक 01 जनवरी 2025 (बुधवार) को उपायुक्त द्वारा निर्णय लिया जायेगा। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना लिखित रूप में होनी चाहिए। इसे उम्मीदवार द्वारा नाम वापसी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि (02 जनवरी 2025) को दोपहर 03ः00 बजे से पहले व्यक्तिगत रूप से रिटर्निंग अधिकारी को दिया जाएगा या इसे चुनाव एजेंट द्वारा दिया जाएगा, जिसे उम्मीदवार द्वारा लिखित रूप में इस संबंध में अधिकृत किया गया है। चुनाव चिह्न का आवंटन 02 जनवरी 2025 (गुरुवार) को दोपहर 03ः00 बजे के बाद किया जाएगा। चुनाव लड़े जाने की स्थिति में मतदान 19 जनवरी 2025 (रविवार) को होगा, मतदान का समय प्रातः 08ः00 बजे से सायं 05ः00 बजे तक रहेगा। सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद मतों की गणना की जाएगी।

वनवासी रक्षा परिवार का परिवार मिलन समारोह संपन्न

सरकार्यवाह भैयाजी जोशी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल हुए शामिल

दिल्ली / फरीदाबाद । वनवासी रक्षा परिवार का परिवार मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह भैयाजी जोशी व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रभु श्रीराम ने जिस वनवासी समाज को संगठित कर आसुरी शक्तियों का संहार किया, समाज जीवन में मानव मूल्यों की स्थापना की, उनके जीवनादर्श से अनुप्राणित वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन अपने प्रतिभा विकास केन्द्रों के माध्यम से वंचित, उपेक्षित वर्ग के बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देकर उनमें स्वावलंबन, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने तथा उनकी अंतर्निहित प्रतिभाओं के विकास में रत है।

भारत मंडपम दिल्ली में आयोजित संस्कार परिवार स्नेह मिलन के केंद्रीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतों के बच्चों द्वारा निर्मित ज्ञान-विज्ञान व कलात्मक रचनाओं की प्रदर्शनी एवं मनमोहक रंगमंचीय कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सह संयोजक श्री राम अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य मान सम्मान के साथ सुख, शान्ति का जीवन जीना चाहता है जो शिक्षा संस्कार के साथ स्वरोजगार से ही प्राप्त हो सकता है। तुलसीदास ने कहा है कि पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं। अभाव में जी रहे परिवारों को शिक्षा, संस्कार के साथ स्वाभिमान और स्वावलंबन की शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रतिभा विकास केन्द्र कर रहे हैं। वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन की गतिविधियों में शामिल दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु,असम, राजस्थान प्रदेश।

क्या है संस्कार रक्षा परिवार : संस्कारित परिवार ही पृथ्वी का स्वर्ग है। इसे प्राप्त करने के लिए किए जाने वाले दैनिक कार्य के द्वारा परिवार को संस्कारित कर यह आनंद प्रत्येक मनुष्य प्राप्त कर सकता है। अपने परिवार में दैनिक अभ्यास हेतु कार्यक्रम के अनुसार गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र का तीन-तीन बार उच्चारण, पुरुषार्थ जागरण मंत्र, क्षमा स्तुति मंत्र, नवग्रह मंत्र के साथ भारत वंदन मंत्र। प्राणायाम तथा योग का अभ्यास। मंगल गीत या भजन का गायन। घर में तुलसी गिलोय के पौधे का रोपण। इसके अतिरिक्त उपायुक्त स्थान देखकर नीम, पीपल, बरगद आदि वृक्षों का रोपण तथा पोषण। स्वदेशी भाषा, वेशभूषा एवं वस्तु का उपयोग। चीनी सामानों का पूर्ण बहिष्कार जैसी गतिविधियां संचालित करना शामिल है।

वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन का लक्ष्य

दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में 9,00,000 परिवारों को संस्कार परिवार की दैनिक गतिविधियों से जोड़ना।

25000 परिवार को वनवासी रक्षा परिवार बनाना अर्थात सहयोगी परिवार बनाना।

महिलाओं को विशेष रूप से संस्कार परिवार योजना तथा प्रतिभा विकास केन्द्र के साथ जोड़ना।

युवाओं को प्रतिभा विकास केंद्र के साथ समाज जागरण की गतिविधियों से जोड़ना।

समाज प्रबोधन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना।

वनयात्रा द्वारा नगरीय समाज को वनवासी समाज से भावात्मक तथा क्रियात्मक रूप से जोड़ना।

वनवासी तथा नगरीय क्षेत्र में शक्तिपुंज विकसित करना।

वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से रमेश गुप्ता, अशोक अग्रवाल, ललित बंसल, राजेश अग्रवाल, राम किशोर बिंदल, संजय लोढ़ा, कमलकांत गोयल, धर्मेन्द्र कौशिक विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र चावला, जीतमल चौरड़िया, यशपाल मेहंदीरत्ता, विनय छाबड़ा,सुभाष अग्रवाल, सचिन बंसल, सत्येन्द्र प्रकाश, राजेन्द्र जिंदल, शिक्षाविद डॉ.प्रशांत भल्ला, बी.आर.भाटिया, मोहन लाल बंसल,अशोक गुप्ता, सज्जन कुमार जैन, किशन अग्रवाल बीकानेरवाला, संदीप अग्रवाल, जी.एन.गुप्ता, डॉ.प्रताप चौहान का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

इस कार्यक्रम की आयोजन समिति संयोजक सुरेन्द्र चावला, कार्यकारी संयोजक मयंक शेखर, श्रीराम अग्रवाल सह-संयोजक, राजेश दत्ता, शशि आजाद, प्रवीण मित्तल, रामचन्द्र चौधरी, दीपक अग्रवाल, अजय गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, मंगेश निंभोरकर की विशेष भूमिका रही।

सांझी खुशी कार्निवल का हुआ आयोजन

फरीदाबाद, रीडिंग रैकून्स चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान और जाट समाज फरीदाबाद के सहयोग से मूक बधिर बच्चों के लिए सांझी खुशी कार्निवल का अयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्था की प्रधान तनुश्री सिंह ने बताया कि मूक बधिर बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोडने् के लिए बच्चों के लिए आयोजित किए गए इस मौज मस्ती से भरपूर मेले में कर्ममार्ग, नन्ही उड़ान , विजन अनलिमिटेड , जागृति सेवा ट्रस्ट, प्रभात - ऐन अवेकनिंग, द राइजिंग, बाल भवन तथा सवेरा नामक संस्थाओं के लगभग 550 बच्चों ने भाग लिया। उत्साह और उमंग से भरपूर बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और नृत्य के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसके पश्चात् ठीक एक मेले की भांति, बच्चों ने अलग अलग खेल खेले और अपनी पसंद की चीज़ें खाईं। उन्होंने बताया कि ये सभी गेम स्टाल शहर के नागरिकों ने निजी तौर पर मिल जुल के लगाए। इसके अतिरिक्त ओ पी भल्ला फाउंडेशन ने भी स्टाल लगाए। बच्चों ने कपड़े, खिलौने इत्यादि भेंट के रूप में स्वीकार की। उनका पढने् की तरफ रुझान बढ़ाने के लिए उनको पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा भेजी गई किताबें भेंट की गई। इस कार्निवल का उद्देश्य इन बच्चों को और बच्चों की तरह एक पूरा दिन अपने मन की खुशी का इजहार करना और मौज मस्ती करने का मौका देना और मिलजुलकर खुशियां मनाने का अवसर देना था।

डीसी ने की आमजन से शीतलहर के मद्देनजर सावधानी बरतने की अपील

फरीदाबाद, 22 दिसंबर। शीत लहर के चलते आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने सावधानी बरतने की अपील की है। डीसी विक्रम ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर शीत घात से बचा जा सकता है। हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि शीतलहर से बचाव के लिए इन बातों की पालना जरूर करें।

डीसी ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीत लहर की संभावना है या नहीं। यथा संभव घर के अंदर रहें, ठंडी हवा से बचने के लिए केवल आवश्यक यात्रा ही करें। भारी कपड़ों की एक परत के बजाय हल्के, ढीले, विंडप्रूफ ऊनी कपड़ों की कई परत पहनें। बाहर निकलते समय अपने सिर, चेहरे, हाथों और पैरों को भी उपयुक्त गर्म कपड़े से ढकें। शरीर में ऊष्मा का प्रवाह बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार जैसे कि विटामिन ष्ट से भरपूर स्वस्थ आहार, फल एवं सब्जियों का सेवन करें। शरीर का तापमान बनाए रखने के लिए नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ पिएं। अपने शरीर को सूखा रखें। यदि गीले हो जाएं, तो शरीर की गर्मी को बचाने के लिए शीघ्रता से कपड़े बदलें। बुजुर्गों और बच्चों की ठीक से देखभाल करें और अनावश्यक घर से बाहर न जाने दें। शराब का सेवन न करें। यह आपके शरीर के तापमान को कम करता है। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें। यह एक महत्वपूर्ण पहला संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है और प्रभावित व्यक्ति को तुरंत घर के अंदर ले आना चाहिए। लंबे समय तक ठंड के संपर्क में आने से त्वचा का रंग पीला, सख्त और सुन्न हो सकता है और अंगूठे, पैर की अंगुलियां, नाक या कान की लोब जैसी शरीर की खुली जगहों पर काले घाव हो सकते हैं। यदि ऐसा हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। इसके अलावा कम तापमान में अपने पालतू जानवरों का ध्यान रखें और उन्हें घर के अंदर रखें। यदि कोई स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न हो, तो पशु चिकित्सक से संपर्क करें।प्रदेश सरकार द्वारा ठंड के समय शहरी क्षेत्रों में बेघरों के लिए रैन बसेरों का प्रबंध किया जाता है, जहाँ कंबल बिस्तर आदि उपलब्ध रहते हैं। जरुरत के समय इन सुविधाओं का उपयोग करके ठंड से बचा जा सकता है।

शहर और गांव के पर्यावरण को संरक्षण के खिलाफ जनअंदोलन चलेगा:अशोक काम्बोज

- जैविक खेती और पराली जलाने को लेकर प्रदेश भर में चलेगा अभियान
- शहरों और गांवों में प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्ती की जाएगी

सुरेन्द्र पांचाल भेदी नजर

करनाल, 22 दिसंबरऱ्प्रदेश के जाने माने पर्यावरणविद तथा प्रगतिशील किसान के साथ हाल ही में बने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग हरियाणा का अध्यक्ष अशोक कंबोज ने बताया कि जल्द ही प्रदेश भर में जैविक खाद के प्रयोग के साथ पराली को जलाने के खिलाफ प्रदेश भर में जन जागरण अभियान चलाएंगे। उन्होंनें कहा कि कि जिस तरह से हरियाणा और पंजाब में अंधाधुंध कीटनाशकों के प्रयोग से जमीन जहरीली हो रही हैं। लोगों को कैंसर हो रहा हैं। इससे किसानों को बचाने के लिए वह अभियान चलाएंगे। वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रदूषण नियंत्रण फोर्स एवं पर्यावरण संरक्षण फोर्स जो की केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग के द्वारा संचालित है के गठन की जिम्मेदारी भी दी गई उसके रहते वह जल्द की प्रदेशकार्यककारिणी के साथ जिला स्तर के साथ गांव गंव में संयोजक बनाएंगे। इसके रहते वह प्रदूषण के खिलाफ एक जनआंदोलन चलाएंगे।

उन्होंने जो कारखाने प्रदूषण फैलाते हैं। उनकी सूची बनाई जाएगी। जिन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कचरा जलाने वालों के साथ जमीन हवा में प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटेंगे। उन्होंने कहा कि जो शहरों में ग्रीन बैल्ट ळैं। उस पर अतिक्रमणकी समीक्षा की जाएगी। प्रदूषण से जो हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को नुकसान हो रहा है उसे हर संभव प्रयास करके बढ़ाने का प्रयास करेंगे ताकि हर जीव जंतु खुली हवा में में सांस ले सके अशोक अंबुज अन्य को सामाजिक संस्थाओं में रहते हुए समाज के हित में कार्य कर चुके हैं उन्हीं के द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए आज उन्हें जिम्मेदारी दी गई है ताकि वे पूर्व की भांति जैसे अन्य जिम्मेदारियां का निर्वाह किया है उक्त जिम्मेदारी का भी निर्वाह करेंगे और शुद्ध पर्यावरण सुरक्षित पर्यावरण के मुहिम को सफल बनाने के लिए प्रयास करेंगे तथा समय-समय पर सरकार एवं आयोग की तरफ से मिलने वाले दिशा निर्देशों का पालन करते हुए जनहित में कार्य करेंगे

पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए यातायात उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में लगाया स्वास्थ्य जांच कैंप

शिविर में 126 पुलिसकर्मीयो की जांच

पानीपत,(चुघ)भेदी नजर। जिला पुलिस के कर्मचारियों को चुस्त दुरूस्त व रोग मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से आज यातायात उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में पुलिस कर्मियों के स्थास्थ्य के लिए उजाला सिग्नस महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल के सहयोग से विशेष हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुरेश कुमार सैनी ने किया।

स्वास्थ्य जांच शिविर में उजाला सिग्नस महाराजा अग्रसेन हास्पिटल के डॉक्टर मोहित गुलिया द्वारा अपने सहयोगी स्टाफ के साथ पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही परामर्श भी दिया। शिविर में इसीजी, ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच की गई। इसके साथ जनरल आई चेकअप भी किया। शिविर में पहुंचे 126 पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

उजाला सिग्नस महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल से पहुंचे टीम इंचार्ज डॉक्टर मोहित गुलिया ने पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच उपरांत परामर्श देते हुए बताया कि ब्लडप्रेशर से बचने के लिए प्रतिदिन व्यायाम करें, हरी सब्जी, मौसमी फलो का सेवन करें, तली भुनी चिजों का सेवन कम से कम करें, अपना ब्लड प्रेशर व शुगर की हमेशा जांच कराये। ब्लड प्रेशर व शुगर के लक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि सीने मे दर्द होना, बेचेनी होना, पसीना आना, घबराहट होना आदि ब्लड प्रेशर के लक्षण हैं। उन्होने पुलिसकर्मियो को तनाव से कैसे दूरे रहे इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस विभाग की नोकरी में बहुत तनाव रहता है। इसे दूर करने के लिए तनाव वाली बातों को अपने दोस्तों व परिजनों के साथ सांझा करें। साथ ही नियमित रूप से व्यायाम करें व धूम्रपान व शराब सेवन न करें।

जनरल आई चेकअप भी किया-आई चेक अप सहगल विजन केयर से आशीष सहगल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि आज के समय में सभी का स्क्रीन टाइम ज्यादा है तो हमें अपनी आंखों का ध्यान रखना चाहिए। ज्यादा मोबाइल का उपयोग करने से बचना चाहिए।

भाजपा 25 दिसंबर को मनाएगी सुशासन दिवस, तीन चरणों में होंगे कार्यक्रम

- 26 दिसंबर को ज़िले में व्यापक और भव्य स्तर पर वीर बाल दिवस मनाएगी भाजपा
- राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ पार्टी मुख्यालय पर लेंगे बैठक, कार्यक्रम की तैयारियों का लेंगे जायजा

पंचकूलाः 22 दिसंबरः आगामी 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती और 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस को भव्य और व्यापक बनाने के लिए पार्टी जिला मुख्यालय पंचकमल पर जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रधान दीपक शर्मा ने बताया गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिला संगठन दोनों ही कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया जायेगा। वीर बाल दिवस कार्यक्रम के संयोजक रमणीक सिंह मान ने बताया कि दशम पिता श्री गोविंद सिंह जी के साहिबजादे बाबा फतेह सिंह जी और बाबा जोरावर सिंह जी की शहादत को समर्पित राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को जिला पंचकूला स्तर पर आयोजित करने की रूपरेखा बनायी गयी है। 26 दिसंबर को जिला पंचकूला के प्रमुख गुरुद्वारों,

कॉलेजों और स्कूलों में साहिबजादों की शहादत पर आधारित वीडियो दिखाए जाएंगे और विद्यालयों की प्रार्थना सभा में साहिबजादों को श्रद्धा भाव से नमन किया जायेगा। इस मौके पर स्कूल और कॉलेजों में साहिबजादों के जीवन से संबंधित क्विज, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा और विजयी छात्रों को पुरस्कृत भी किया जाएगा, साथ ही सिख फौजियों, किसानों, खिलाड़ियों, शिक्षाविदों व अन्य ख्यातिलब्ध सिख नागरिकों को सम्मानित भी किया जायेगा, ये सभी कार्यक्रम पार्टी द्वारा लगभग सप्ताह भर चलाया जायेगा।

सुशासन दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक विशाल सेठ ने बताया पार्टी सुशासन दिवस को पूरे ज़िले में धूमधाम से मनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। प्रथम चरण में आगामी 25 दिसंबर को सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को बूथ स्तर कार्यकर्ताओं संग सुना जायेगा, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनकी कविताओं का पाठन किया जायेगा साथ ही अटल जी के जीवन परिचय एवं उनके प्रधानमंत्रित्व काल की उपलब्धियों के बारे में भी बताया जायेगा। कार्यक्रम के दूसरे चरण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यकाल में %प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना% के तहत बनी सड़को पर मंडल स्तरीय पद यात्रा का आयोजन किया जायेगा। तीसरे चरण में जिला स्तरीय कार्यक्रम में अटल जी के सम्पूर्ण जीवन परिचय एवं उनके प्रधानमंत्रित्व काल में सरकार की तमाम उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी, ई पत्रक का वितरण, विद्यालयों में थीम आधारित %प्रतीक चिन्ह बनाओ प्रतियोगिता%, लेखन में रूचि रखने वाले कार्यकर्ताओं द्वारा लिखी गई रचनाओं को विभिन्न सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित करने जैसे तमाम कार्यक्रम पार्टी द्वारा आयोजित किये जायेंगे। ये सभी कार्यक्रम पूरे वर्ष चलाया जायेगा।